# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
**(Brief summary of proceedings)**
**Friday, 23 August 2019 / 01 Bhadrapad 1941 (*Saka*)**

**No. 103**
**2.03 PM**

**Sh. Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in-Chair**

1. 2.03 PM **Ruling by the Chair:**
The Chair stated that he had not allowed any Notices other than the items listed in List of Business. He also stated that any Member defying his directions would be committing breach of privilege and contempt of the Chair and the House.

2. 2.04 PM Members of BJP stood up on their seats and demanded that their Notices be considered. The Chair denied and stated that he had already delivered his ruling in this regard.
The Members of BJP came into the well in protest and started exchanging arguments with the Chair.
The Chair requested the Members to take their seats.
However they started raising slogans and caused disturbance in the House.

3. 2.06 PM **Question Hour :**
Starred questions No. 21 & 22 were asked and replied.

4. 2.20 PM Sh. Vijender Gupta, Hon'ble Leader of Opposition & other Members of BJP entered the well of the House and continuously disturbed the proceedings of the House.
The Chair named Sh. Manjinder Singh Sirsa and asked him to withdraw from the House.
As the Member refused to withdraw voluntarily, the Chair directed the Marshalls to escort Sh. Manjinder Singh Sirsa.
The Chair named Sh. Vijender Gupta and directed that he should not attend the remaining part of the Session.
Sh. Om Prakash Sharma & Sh. Jagdish Pradhan, Members of BJP walked out in protest.
Sh. Nitin Tyagi moved Motion with the leave of the House that Sh. Vijender Gupta, Hon'ble Leader of Opposition be suspended from the remaining part of the Session for defying the directions of the Chair.
The Motion was adopted by voice-vote.

5. 2.23 PM Starred Questions No. 23 to 28, 31 & 33 were asked and replied.
Replies to Starred Questions No. 29, 30, 32 & 34 to 40 & Un-Starred Questions No. 89 to 158 were placed on the table.

6. 3.10 PM **Statement by Sh. Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister :**
Sh. Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister made a brief statement and expressed support for removal of Article-370

7. 3.12 PM **Statement by Sh. Kailash Gahlot, Hon'ble Minister of Transport :**
Sh.Kailash Gahlot, Hon'ble Minister of Transport made a brief statement on the Guru Ravi Dass Temple issue discussed on 22.08.2019 and clarified that the disputed land was owned by DDA and not the Forest Department of Delhi Govt.

8. 3.17 PM **Special Mention (Rule-280) :**
The following Members raised matters under Rule-280 with the permission of the Chair:
    1. Sh. Rajesh Gupta
    2. Smt. Parmila Tokas
    3. Sh. Sanjeev Jha
    4. Sh. Surender Singh
    5. Sh. S.K. Bagga
    6. Sh. Narayan Dutt Sharma
    7. Ms. Bhavna Gaur
    8. Ms. Alka Lamba *(Minister of Health intervened).*

9. 3.44 PM Inspite of repeated requests of the Chair, Ms. Alka Lamba refused to resume her seat.
The Chair named Ms. Alka Lamba and asked her to withdraw from the House till tea break.
As the Member refused to withdraw voluntarily, the Marshalls escorted her out.

10. 3.45 PM **Special mention (Rule-280) continued :**

9. Sh. Somnath Bharti
10. Sh. Som Dutt
11. Sh. Naresh Yadav

11. 3.54 PM **Presentation of Reports :**

1. **Shri Jitender Singh Tomar** presented the **Second Report of Committee on Government Assurances.**
2. **Shri Saurabh Bharadwaj** presented the **Third Report of Committee on Petitions.**

12. 3.55 PM **Papers laid on the Table:**

**I. Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** laid copies of the Annual Accounts alongwith the Audit Report of Guru Gobind Singh Indraprastha University for the financial years 2011-12, 2012-13, 2013-14, 2014-15 & 2015-16 (Hindi & English Version) on the Table of the House.

**II. Shri Kailash Gahlot, Hon'ble Minister of Transport** laid copies of the following on the Table of the House :-

I. $9^{th}$ Annual Report of Geospatial Delhi Limited for the year 2016-17 (English & Hindi Version).

II. Notification No.F.23(488)/Tpt/ARU/2010/452/1042 dated 12/06/2019 of Transport Department regarding Auto Rickshaw Fare in National Capital Territory of Delhi (English & Hindi Version).

III. Notification No.F.21/60/Secy./STA/2009/418 dated 19/06/2019 of Transport Department regarding STA Board (English & Hindi Version).

IV. Notification No.F.DC/Ops/Tpt/2014/26079 dated 20/06/2019 of Transport Department regarding fancy number (English & Hindi Version).

13. 3.56 PM **The Chair adjourned the House upto 4.30 PM for Tea-Break.**

14. 4.35 PM **House reassembled.**
**Hon'ble Speaker in-Chair.**

15. 4.35 PM **Short Duration Discussion (Rule-55) :**

**Sh. Sanjeev Jha** initiated discussion on *"Reforms in power sector in Delhi through infrastructure enhancement which has ensured 24x7 power supply and rationalization of power tariff including provision of free electricity"*.

The following Members participated in the Discussion :

1. Sh. Nitin Tyagi *(He also read out his Resolution on the subject)*
2. Sh. Sukhbir Singh Dalal
3. Smt. Parmila Tokas
4. Sh. Rajesh Rishi
5. Smt. Sarita Singh
6. Sh. Akhilesh Pati Tripathi
7. Sh. Jarnail Singh
8. Sh. Jitender Singh Tomar
9. Smt. Bandana Kumari
10. Sh. Rajesh Gupta

16. 6.04 PM The Chair extended the sitting of the House upto 6:30 PM.

17. 6.04 PM **Short Duration Discussion (Rule-55) continued :**

11. Sh. Surender Singh
12. Sh. Mohinder Goel

**Sh. Satyendar Jain, Hon'ble Minister of Power** replied to the discussion.

Sh. Nitin Tyagi moved the following Resolution with the leave of the House:

*"The Legislative Assembly of National Capital Territory of Delhi in its sitting held on 23.08.2019 resolves that:*

*This House acknowledges the efforts of Government of NCT of Delhi in upgrading the infrastructure in power sector;*

*This House appreciates the general feeling of Members that other Political Parties should not oppose the decision of making 200 units of Electricity free and reducing bill upto 400 units by 50%;*
*This House resolves that Opposition Party in the house is acting against the interest of Delhi by opposing the decision of making 200 units electricity as free."*

The Resolution moved by Sh. Nitin Tyagi was put to vote and adopted by voice-vote.

18. 6.43 PM The Chair greeted the House on the occasion of Janmashtami Festival.

19. 6.44 PM **The Chair adjourned the House upto 02.00 PM on Monday, 26 August 2019.**

**Delhi**
**23 August, 2019**

**C. Velmurugan**
**Secretary**

**विधान सभा**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली**
**समाचार भाग–1**
**(कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)**
**शुक्रवार, 23 अगस्त, 2019/01 भाद्रपद, 1941 (शक)**

**संख्या–103**

**2.03 बजे** **श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।**

1. 2.03 बजे **अध्यक्ष महोदय द्वारा व्यवस्थाः**
अध्यक्ष महोदय ने कहा कि उन्होंने कार्यसूची में सूचीबद्ध विषयों के अलावा किसी अन्य नोटिस की अनुमति नहीं दी है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई सदस्य उनके निर्देशों की अवहेलना करता है तो वह विशेषाधिकार हनन तथा अध्यक्ष और सदन की अवमानना कर रहा है।

2. 2.04 बजे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अपने आसन पर खड़े हो गये और अपने नोटिसों पर विचार करने की मांग करने लगे। अध्यक्ष महोदय ने इसे अस्वीकार कर दिया तथा कहा कि उन्होंने इस संबंध में पहले ही अपनी व्यवस्था दे दी है।
भारतीय जनता पार्टी के सदस्य विरोधस्वरूप सदन के वैल में आ गये और अध्यक्ष महोदय के साथ तक–वितर्क करने लगे।
अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों से आसन ग्रहण करने का अनुरोध किया।
इसके बावजूद उन्होंने नारेबाजी प्रारम्भ कर दी और सदन की कार्यवाही में बाधा पहुंचाई।

3. 2.06 बजे **प्रश्न काल :**
तारांकित प्रश्न सं0 21 एवं 22 पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये।

4. 2.20 बजे श्री विजेन्द्र गुप्ता, माननीय नेता प्रतिपक्ष तथा भारतीय जनता पार्टी के अन्य सदस्य सदन के वैल में आ गये और लगातार सदन की कार्यवाही में बाधा पहुंचाने लगे।
अध्यक्ष महोदय ने श्री मनजिंदर सिंह सिरसा को इंगित किया तथा उन्हें सदन से बाहर जाने के लिए कहा।
चूंकि सदस्य ने अपने आप बाहर जाने से मना कर दिया तो अध्यक्ष महोदय ने मार्शलों से श्री मनजिंदर सिंह सिरसा को उन्हें बाहर ले जाने का निर्देश दिया।
अध्यक्ष महोदय ने श्री विजेन्द्र गुप्ता को इंगित किया तथा निर्देश दिया कि वे सत्र के शेष भाग में उपस्थित न हों।
भारतीय जनता पार्टी के सदस्य श्री ओम प्रकाश शर्मा तथा श्री जगदीश प्रधान ने विरोधस्वरूप बहिर्गमन किया।
श्री नितिन त्यागी ने सदन की अनुमति से प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि अध्यक्ष महोदय के निर्देश की अवहेलना के कारण श्री विजेन्द्र गुप्ता, माननीय नेता प्रतिपक्ष को आठवें सत्र के दूसरे भाग के शेष भाग से निलम्बित किया जाये।
प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया तथा ध्वनि मत से स्वीकार हुआ।

5. 2.23 बजे तारांकित प्रश्न संख्या 23 से 28, 31 एवं 33 पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये।
तारांकित प्रश्न संख्या 29, 30, 32 एवं 34 और अतारांकित प्रश्न संख्या 89 से 158 के उत्तर सदन पटल पर प्रस्तुत किये गये।

6. 3.10 बजे **श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा वक्तव्य :**
श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री ने संक्षिप्त वक्तव्य दिया और धारा–370 हटाने का समर्थन किया।

7. 3.12 बजे **श्री कैलाश गहलोत, माननीय परिवहन मंत्री द्वारा वक्तव्य :**
श्री कैलाश गहलोत, माननीय परिवहन मंत्री ने गुरू रविदास मंदिर मामले के संबंध में संक्षिप्त वक्तव्य दिया और स्पष्ट किया कि विवादित भूमि का स्वामित्व दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास है और दिल्ली सरकार के वन विभाग के पास नहीं है।

8. 3.17 बजे **विशेष उल्लेख (नियम–280) :**

निम्नलिखित सदस्यों ने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियम–280 के अंतर्गत विशेष उल्लेख के मामले उठाये :–

1. श्री राजेश गुप्ता
2. श्रीमती प्रमिला टोकस
3. श्री संजीव झा
4. श्री सुरेन्द्र सिंह
5. श्री एस.के.बग्गा
6. श्री नारायण दत्त शर्मा
7. सुश्री भावना गौड़
8. सुश्री अलका लाम्बा (माननीय स्वास्थ्य मंत्री ने हस्तक्षेप किया)

9. 3.44 बजे अध्यक्ष महोदय के बार–बार अनुरोध के बावजूद सुश्री अलका लाम्बा ने अपना आसन ग्रहण करने से मना कर दिया।

अध्यक्ष महोदय ने सुश्री अलका लाम्बा को इंगित किया तथा उन्हें जलपान अवकाश तक सदन से बाहर जाने के लिए कहा।

चूंकि सदस्य ने अपने आप बाहर जाने से मना कर दिया, उन्हें मार्शलों द्वारा बाहर ले जाया गया।

10 3.45 बजे **विशेष उल्लेख (नियम–280) जारी :**

9. श्री सोमनाथ भारती
10. श्री सोमदत्त
11. श्री नरेश यादव

11. 3.54 बजे **प्रतिवेदनों का प्रस्तुतीकरण :**

1. **श्री जितेन्द्र सिंह तोमर** ने **सरकारी आश्वासन समिति का दूसरा प्रतिवेदन** प्रस्तुत किया।
2. **श्री सौरभ भारद्वाज** ने **याचिका समिति का तीसरा प्रतिवेदन** प्रस्तुत किया।

12. 3.55 बजे **सदन पटल पर प्रस्तुत कागज़ातः**

**I. श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने गुरू गोविंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के वित्त वर्ष 2011–12, 2012–13, 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 हेतु वार्षिक लेखा तथा लेखा परीक्षा की हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत की।

**II. श्री कैलाश गहलोत, माननीय परिवहन मंत्री** ने निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत कीः

क) जियोस्पासियल दिल्ली लिमिटेड का वर्ष 2016–17 हेतु 9वां वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)

ख) परिवहन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में आटो रिक्शा के किराये के संदर्भ में अधिसूचना संख्या एफ. 23 (488)/टीपीटी/एआरयू/2010/452/1042 दिनांक 12/06/2019 की हिंदी एवं अंग्रेजी प्रतियां

ग) परिवहन विभाग हेतु राज्य परिवहन प्राधिकरण बोर्ड के संदर्भ में अधिसूचना संख्या एफ. 21/60/सैक्रेट्री/एसटीए/2009/418 दिनांक 19/06/2019 की हिंदी एवं अंग्रेजी प्रतियां

घ) परिवहन विभाग की फेंसी नम्बर के संदर्भ में अधिसूचना संख्या एफ.डी सी/ओपीएस/टीपीटी/2014/26079 दिनांक 20/06/2019 की हिंदी एवं अंग्रेजी प्रतियां

13. 3.56 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही अपराह्न 4.30 बजे तक जलपान अवकाश के लिए स्थगित की।**

14. 4.35 बजे **सदन पुनः समवेत हुआ।**

**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुये।**

15. 4.35 बजे **अल्पकालिक चर्चा (नियम–55) :**

**श्री संजीव झा** ने *"दिल्ली में बिजली के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे में वृद्धि से सुधार, जिससे 24X7 बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हुई और बिजली की दरों के युक्तिकरण सहित मुफ्त बिजली का प्रावधान"* के संबंध में चर्चा प्रारम्भ की।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :–

1. श्री नितिन त्यागी (उन्होंने उपरोक्त विषय से संबंधित अपना संकल्प भी पढ़ा।)
2. श्री सुखबीर सिंह दलाल
3. श्रीमती प्रमिला टोकस
4. श्री राजेश ऋषि
5. श्रीमती सरिता सिंह

6. श्री अखिलेशपति त्रिपाठी
7. श्री जरनैल सिंह
8. श्री जितेन्द्र सिंह तोमर
9. श्रीमती बंदना कुमारी
10. श्री राजेश गुप्ता

**16.** 6.04 बजे अध्यक्ष महोदय ने सदन की बैठक की अवधि 6.30 बजे तक के लिए बढ़ाई।

**17.** 6.04 बजे **अल्पकालिक चर्चा (नियम–55) जारी :**

11. श्री सुरेन्द्र सिंह
12. श्री महेन्द्र गोयल

**श्री सत्येन्द्र जैन, माननीय ऊर्जा मंत्री** ने चर्चा का उत्तर दिया।

**श्री नितिन त्यागी** ने सदन की अनुमति से निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत किया :

*''राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा 23 अगस्त, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में संकल्प करती है कि :*

*यह सदन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को सवंर्द्धित करने के प्रयासों के प्रति आभार प्रकट करता है,*

*यह सदन सदस्यों की इस आम भावना की सराहना करता है कि अन्य राजनीतिक दलों को भी 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त करने तथा 400 यूनिट तक के बिलों को 50 प्रतिशत तक कम करने के निर्णय का विरोध नहीं करना चाहिए,*

*यह सदन संकल्प करता है कि सदन में विपक्षी दल 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने के निर्णय का विरोध करके दिल्ली के हित के विरूद्ध कार्य कर रहा है।''*

श्री नितिन त्यागी द्वारा प्रस्तुत संकल्प मतदान के लिए रखा गया और ध्वनिमत से स्वीकार हुआ।

**18.** 6.43 बजे **अध्यक्ष महोदय ने जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर सदन को बधाई दी।**

**19.** 6.44 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 26 अगस्त, 2019 को अपराह्न 2.00 बजे तक के लिए स्थगित की।**

**दिल्ली**
**23 अगस्त, 2019**

सी. वेलमुरूगन
सचिव